तापमान
अधिकतम 23.7 डिग्री
न्यूनतम 6.7 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

12 पीएमश्री स्कूलों की बदलेगी तस्वीर 19.36 करोड़ से होगा कायाकल्प



12 चार माह में तैयार होगा बैडमिंटन हाल, शेष कार्यों के लिए टेंडर...



## खबर संक्षेप

### महिला से मोबाइल फोन छीनने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस ने महिला से मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शाकीर उर्फ शाकिब निवासी जे जे कॉलोनी, बवाना दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 27 अगस्त 2025 को सोनीपत निवासी एक महिला ने शिकायत दी थी कि वह स्कूटी पर बहालगढ़ से सोनीपत की ओर जा रही थी। मंगल ऑटोमोबाइल के सामने पहुंचते ही एक मोटरसाइकिल सवार उसके पास से निकला और बैग छीन लिया। आरोपित ने बैग सड़क पर फेंक दिया और उसमें रखा मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया।

### खड़े डंपर से बाइक टकराई दूध विक्रेता गंभीर घायल

**गन्नौर।** जीटी रोड लड़सौली के निकट सड़क के बीच खड़े डंपर से बाइक टकराने पर दूध विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गांव कृष्ण गांव चुलकाना का रहने वाला है। घायल ने मामले में थाना बड़ी में शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार कृष्ण 4 फरवरी की सुबह दूध लेकर बाइक से सोनीपत जा रहा था। जब वह माता चमत्कारी मंदिर के पास गांव लड़सौली के नजदीक पहुंचा तो सड़क के बीच बिना किसी इंडिकेटर व सुरक्षा संकेत के खड़े हाईवा डंपर से उसकी बाइक टकरा गई।

### अगवा करने के मामले में तीन और गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने रास्ता रोककर अगवा करने, मारपीट करने और मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में आशीष उर्फ भोला, सागर दोनों निवासी अटायल जिला रोहतक तथा जयवीर निवासी गांव सेहरी जिला सोनीपत शामिल हैं।

### ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के थाना राई की पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लोकेश निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली, हाल निवासी बुध विहार दिल्ली के रूप में हुई है।

### कार चोरी मामले में पांचवां आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** सोनीपत जिले के थाना मुरथल की पुलिस ने कार चोरी की घटना में संलिप्त पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप उर्फ बच्ची निवासी बड़वासनी जिला सोनीपत है। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2021 को टिंकू पुत्र श्याम लाल निवासी मुरथल ने शिकायत दी थी कि 23 और 24 फरवरी की रात वह अपने मालिक की कार लेकर मुरथल जा रहा था। मुरथल चौक के पास चाय पीने के लिए कार खड़ी की, इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने कार के शीशे तोड़कर वाहन चोरी कर लिया।

---

वार्ड 12 के मॉडल टाउन, इंद्रपुरी, आठ मरला सहित विभिन्न 13 पार्कों में लगाई जाएगी ओपन जिम व बच्चों के लिए झूले

# निगम ने उठाया शहरवासियों को स्वस्थ रखने का जिम्मा, लोगों को कसरत कराने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने शहरवासियों को स्वस्थ रखने का जिम्मा उठाया है, ऐसे में लोगों को कसरत कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड-12 के करीब 13 पार्कों में जल्द ओपन जिम यूनिट, बच्चों के लिए झूले व अन्य खेल उपकरण लगाने का काम किया जाएगा। पार्कों में ओपन जिम यूनिट लगने से युवाओं के साथ पुरुषों व महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल सकेगा। साथ ही बच्चों के लिए लगाए जाने वाले झूले पार्कों के साथ शहर की शोभा बढ़ाएंगे। निगम की ओर से इस कार्य पर करीब 1.29 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम ने सभी पार्कों में जून 2026 तक काम पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है।

सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट मिशन के तहत पार्कों के जीर्णोद्धार करवाने का लक्ष्य रखा है। इसी उद्देश्य के साथ नगर निगम ने पार्कों के जीर्णोद्धार के साथ जिन पार्कों में ओपन जिम यूनिट व बच्चों के लिए झूलों का अभाव है, उसमें यह व्यवस्थाएं करवाने के लिए बजट तैयार कर अपना प्रस्ताव रखा था। बजट को मंजूरी मिलने के साथ पार्कों में ओपन जिम यूनिट व बच्चों के लिए झूले लगाने के लिए बेस बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही सेक्टर-7 स्थित दमकल विभाग के कार्यालय परिसर में ओपन जिम यूनिट व झूले लगाने का सामान मंगवाकर रखा गया है।

### फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य

फिट इंडिया मूवमेंट मिशन एक देशभर में चलाया गया राष्ट्रव्यापी अभियान है। जिसका उद्देश्य लोगों की जीवनशैली में शारीरिक व स्वास्थ्य रूप से बदलाव लाना है। अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम से की थी। यह अभियान तभी सफल होगा, जब प्रत्येक जन को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। साथ ही अभियान के माध्यम से लोगों व बच्चों को योग जैसी शारीरिक गतिविधियों व खेलों से जोड़ना है, ताकि सभी स्वस्थ व तंदुरुस्त रहे।

### इन पार्कों को किया गया चिन्हित

| | |
|---|---|
| एटलस पार्क, मॉडल टाउन | लाल बहादुर शास्त्री पार्क |
| डबल स्टोरी क्षेत्र के दो पार्क | नारी शक्ति पार्क, मॉडल टाउन |
| एकता पार्क, आठ मरला | फ्रेंडस पार्क, मॉडल टाउन |
| लेडिज पार्क, मॉडल टाउन | जैश पार्क, मॉडल टाउन |
| इंदिरा पार्क, इंद्रपुरी | वैक्सन कॉलोनी स्थित पार्क |
| दीवान पार्क, मॉडल टाउन | चिल्ड्रन पार्क, मॉडल टाउन |

### जीर्णोद्धार करवाया जाएगा

वार्ड-12 में विभिन्न पार्कों का जल्द फिट इंडिया मूवमेंट मिशन के तहत जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। जिन पार्कों में ओपन जिम यूनिट, बच्चों के लिए झूले व अन्य खेल उपकरणों का अभाव है, वहां जल्द ही यह व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जाएंगी। **-अजय निराला, एक्सईएन, नगर निगम, सोनीपत**

---

नगर एवं ग्राम योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जारी किए आदेश

# जिला विकास योजना के नए ढांचे के तहत राई ब्लॉक को किया शामिल

*राई में अब होंगे बे-रोकटोक विकास: जिला विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी जिला योजना समितियों और शहरी स्थानीय निकाय विभाग को सौंपी गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के एक महत्वपूर्ण हिस्से राई को विकास के मामले में विशेष दृष्टि से देखा जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल जिलों के लिए जिला विकास योजना तैयार करने को लेकर नए निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें सोनीपत जिले के राई ब्लॉक को भी शामिल किया गया है। इन निर्देशों के तहत राई ब्लॉक को लेकर एक समग्र, संतुलित और दीर्घकालिक विकास की दिशा तय होने की उम्मीद जगी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सटे इस इलाके को लंबे समय से औद्योगिक, आवासीय और परिवहन दबावों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर एवं ग्राम योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए. के. सिंह द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अब जिला विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी जिला योजना समितियों और शहरी स्थानीय निकाय विभाग को सौंपी गई है। इससे पहले टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को नोडल एजेंसी माना जाता था, लेकिन जिला स्तर पर विकास योजनाओं को लेकर स्पष्ट वैधानिक व्यवस्था नहीं थी। इसी अस्पष्टता का खामियाजा राई जैसे तेजी से विकसित होते क्षेत्रों को भुगतना पड़ा, जहां औद्योगिक प्लॉट, रिहायशी कॉलोनियां, लॉजिस्टिक्स हब और ग्रामीण आबादी का विस्तार बिना एक साझा विजन के होता चला गया। विशेषज्ञों का मानना है कि जिला योजना समिति के माध्यम से बनने वाली विकास योजना राई ब्लॉक को एक संगठित शहरी-औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित कर सकती है। इसमें सार्वजनिक परिवहन कॉरिडोर, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स, श्रमिक आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को एक साथ जोड़ा जा सकता है। अब तक यह सब बिखरे हुए प्रयासों में होता रहा, जिससे संसाधनों की बर्बादी और नागरिकों की परेशानियां बढ़ीं।




### ये होगा बदलाव

सरकार के नए निर्देशों के तहत ड्राफ्ट जिला विकास योजनाओं को अब जिला योजना समिति या महानगरीय योजना समिति के समक्ष विचार और अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। अब तक योजनाएं अक्सर विभागीय स्तर पर बनती रहीं, जिनमें स्थानीय जरूरतों और जमीनी हकीकत का समुचित प्रतिबिंब नहीं दिखता था। हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 और नगर निगम अधिनियम 1994 की धाराओं का हवाला देकर सरकार ने यह साफ कर दिया है कि अब योजनाएं सिर्फ कागजी दस्तावेज नहीं रहेंगी, बल्कि उन्हें कानूनी मान्यता के साथ लागू किया जाएगा।

### निवेश का बड़ा केंद्र बना है राई

राई ब्लॉक की भौगोलिक स्थिति इसे स्वाभाविक रूप से संवेदनशील और महत्वपूर्ण बनाती है। दिल्ली से सटे होने, कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे, एनएच-44 और औद्योगिक एस्टेट की मौजूदगी ने इसे निवेश का बड़ा केंद्र बनाया है। बड़ी-बड़ी ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स और मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के साथ-साथ रिहायशी परियोजनाएं भी यहां तेजी से बढ़ीं। लेकिन इसी तेजी ने जल निकासी, सड़क नेटवर्क, सार्वजनिक परिवहन, पेयजल, सीवरेज और हरित क्षेत्र जैसे बुनियादी मुद्दों को पीछे छोड़ दिया।

### सिर्फ विकास ही नहीं संतुलन की होगी तलाश

राई ब्लॉक में जिला विकास योजना का मतलब केवल नई सड़कों या इमारतों का निर्माण नहीं है। यह योजना इस सवाल का जवाब भी तलाशेगी कि औद्योगिक विस्तार और ग्रामीण जीवन के बीच संतुलन कैसे बने। राई, कुंडली और आसपास के गांवों में आज भी बड़ी आबादी खेती और उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर है। औद्योगिक दबाव के चलते कृषि भूमि लगातार सिमट रही है, जिससे सामाजिक और आर्थिक तनाव बढ़ा है। नई योजना में भूमि उपयोग का ऐसा खाका तैयार किया जा सकता है, जिसमें उद्योग, आवास, कृषि और हरित क्षेत्रों के बीच स्पष्ट सीमाएं तय हों।

### उद्योगों और लोगों को भी बदलाव की उम्मीद

स्थानीय उद्योग संगठनों और नागरिक समूहों को भी इस बदलाव से बड़ी उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि यदि जिला विकास योजना बनाते समय राई ब्लॉक की यातायात समस्या, औद्योगिक प्रदूषण, जल स्तर में गिरावट और श्रमिकों की आवासीय जरूरतों को प्राथमिकता दी गई, तो यह इलाका एनसीआर का एक मॉडल विकास क्षेत्र बन सकता है। वहीं यदि योजना सिर्फ कागजों तक सीमित रही, तो यह एक और अवसर चूकने जैसा होगा। हरियाणा सरकार के नए निर्देश राई ब्लॉक के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकते हैं। जिला विकास योजना के जरिए इस क्षेत्र के विकास को एक साझा दृष्टि, कानूनी आधार और स्थानीय भागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का रास्ता खुला है।

---

# पांची रोड पर जल निकासी न होने से लोगों का फूटा गुस्सा, 30 मिनट तक लगा जाम



गन्नौर। गांधीनगर में पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से जाम लगा कर खड़े स्थानीय लोग।

- गंदे पानी से दुर्गंध फैलने के साथ ही बीमारी फैलने का खतरा बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

वार्ड 17 में पांची रोड स्थित गांधीनगर में पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से परेशान स्थानीय लोगों का शुक्रवार को गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने पांची रोड पर जाम लगा दिया। स्थानीय निवासी कृष्ण, रोहित, सुदेश, सुनीता, अनीता, अनुराधा, संदीप, मोंटी, प्रेम, कमलेश, राजबाला ने कहा कि जल निकासी न होने के कारण गली नंबर 5 व 6 में हर समय दूषित पानी भरा रहता है, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

गंदे पानी से दुर्गंध फैलने के साथ ही बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार नपाध्यक्ष, एसडीएम व नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। मजबूर होकर लोगों को सड़क पर उतरकर विरोध जताना पड़ा। जाम के चलते करीब 30 मिनट तक पांची रोड पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

जाम की सूचना मिलने पर गन्नौर थाना पुलिस व नगर पालिका सचिव प्रदीप खर्ब मौके पर पहुंचे। पुलिस व नगर पालिका सचिव ने लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाया और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने जाम खोल दिया।

जाम खुलवाने के बाद नगर पालिका सचिव ने तुरंत पानी के टैंकर मंगवाकर गलियों में जमा दूषित पानी को निकलवाया। साथ ही सफाई कर्मियों को मौके पर बुलाकर नालियों व नाले की सफाई का कार्य भी शुरू करवाया गया। नगर पालिका सचिव ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

---

# मुरथल विवि में लंबित मांगों व अव्यवस्थाओं पर कर्मियों-छात्रों ने निकाला रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। रोष जताते शिक्षक संघ, गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के सदस्य व विद्यार्थी।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में शुक्रवार को शिक्षक संघ, गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ, एचकेआरएनएल कर्मियों व विद्यार्थियों ने लंबित मांगों व अव्यवस्थाओं पर रोष मार्च निकाला। सभी ने विश्वविद्यालय परिसर में रोष मार्च के दौरान नारेबाजी कर कुलपति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

गैर शिक्षक कर्मचारी यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार पुट्ठी ने आरोप लगाया कि विवि में 2 वर्ष से विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट, फाईफाई, पुस्तकालयों में किताबों, एंबुलेंस जैसी सुविधाओं का अभाव है। ढाई वर्ष से छात्रों के लिए एक भी नई किताब नहीं खरीदी गई है। विवि में 50 करोड़ की एफडी घोटाले, सरकारी व छात्रों के फंड के लेखा-जोखा की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए, ताकि सच सामने आ सके। ढाई साल से विवि में एक भी शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारी की पदोन्नति नहीं हुई है। पहले से पदोन्नत कर्मियों का वेतन स्थायी रखा गया है। कच्चे कर्मचारियों का 4 माह से वेतन नहीं दिया गया है। विश्वविद्यालय में पेयजल व शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है।

---

1200 पेटी देशी शराब जब्त की, अवैध रूप से किया था भंडारण

# फतेहपुर स्थित एल-2 गोदाम में आबकारी विभाग ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव फतेहपुर स्थित एल-2 गोदाम में शराब के अवैध रूप से भंडारण की जानकारी पर आबकारी विभाग की टीम ने छापा डालकर 1200 पेटी देशी शराब जब्त की है। करनाल आबकारी विभाग की टीम ने सोनीपत आबकारी विभाग के सहयोग से कार्रवाई की है। मामले में कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग आयुक्त को लिखा गया है।

जिला आबकारी एवं कराधान अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि करनाल की टीम को सूचना मिली थी कि गांव फतेहपुर स्थित एल-2 गोदाम पर शराब को अवैध रूप से रखा गया है। गोदाम अशोक कुमार के नाम पर है। जिस पर आबकारी एवं कराधान अधिकारी करनाल नीरज कुमारी के नेतृत्व में टीम ने वीरवार देर रात छापा डाला।



सोनीपत। आबकारी विभाग की टीम छापामार कार्रवाई करते हुए।

टीम को सूचना मिली थी कि शराब झज्जर स्थित डिस्टलरी से बहादुरगढ़ के लिए जारी परमिट पर रवाना की गई थी, लेकिन इसे नियमों के विपरीत सोनीपत के फतेहपुर स्थित गोदाम में उतार दिया गया। अवैध रूप से शराब को जिले में लाए जाने की पुख्ता सूचना के आधार पर ही आबकारी विभाग ने यह कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पता लगा कि एल-2 गोदाम में शराब का भंडारण नियमानुसार नहीं किया जा रहा है और इसे आगे अवैध रूप से आपूर्ति किए जताने का अंदेशा है। जांच के दौरान गोदाम से देशी शराब की करीब 1200 पेटियां बरामद की गईं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। आबकारी विभाग ने पूरी शराब को जब्त कर सील कर दिया है। मामले की कागजी कार्रवाई पूरी कर रिपोर्ट आबकारी आयुक्त पंचकूला को भेजी जाएगी। जहां से आगे जुर्माने और कानूनी कार्रवाई को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

---

# वर्कशॉप संचालक पर हमला, दिल्ली पुलिस के जवान पर लगाया आरोप

- पुरानी रंजिश में हमला करने के आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कबीरपुर में वर्कशॉप संचालक पर नकाबपोश युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित कर्मबीर ने आरोप लगाया है कि यह हमला दिल्ली पुलिस में तैनात नीरज ने साजिश कर कराया है। वह उनसे पुरानी रंजिश रखता है।

न्यू शांति विहार निवासी कर्मबीर ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उन्होंने 1 फरवरी को ही कबीरपुर में एक शोरूम के पास गाड़ी ठीक करने की नई वर्कशॉप शुरू की थी। करीब एक साल पहले दिल्ली पुलिस में कार्यरत नीरज ने उनके साथ मारपीट की थी, तभी से वह उनसे रंजिश रखे हुए है। पीड़ित के अनुसार चार महीने पहले भी नीरज ने उनकी पुरानी वर्कशॉप पर 5-6 युवकों को भेजकर धमकी दिलवाई थी, लेकिन पुलिस कर्मचारी होने के कारण डर वश उन्होंने उस समय शिकायत नहीं की।

कर्मबीर का आरोप है कि 3 फरवरी की शाम करीब पांच बजे दो युवक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आए, जिनमें से एक ने अपना चेहरा ढका हुआ था। दोनों ने उनका नाम पूछा और बिना कुछ बताए चले गए थे। उन्हें अनहोनी की आशंका हो गई थी। शाम करीब सात बजे जब वह अपने साथी जयदेव से बातचीत कर रहे थे, तभी पांच नकाबपोश युवक उनकी वर्कशॉप में घुस आए। उन्होंने दोनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में जयदेव को मामूली चोटें आईं, जबकि कर्मबीर के हाथों और पैरों में गंभीर चोटें लगीं। आरोपी युवक उन्हें खून से लथपथ हालत में छोडकर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडों सहित मौके से भाग गए थे। उन्हें अस्पताल में ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते खानपुर रेफर कर दिया।

---

### चाइनीज मांझे की स्टोरेज, बिक्री, खरीद और इस्तेमाल प्रतिबंधित

**सोनीपत।** जिलाधीश सुशील सारवान ने चाइना डोर के इस्तेमाल से होने वाले खतरों को मद्देनजर रखते हुए जिला में चाइना डोर को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिलाधीश ने यह आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार जिला में नायॅलान, प्लास्टिक व अन्य कृत्रिम रूप से बनाए गए मांझे जिसें आमतौर पर चाइना मांझा के नाम से जाना जाता है, और कोई भी अन्य नुकीला धागा, जैसे कि कांच, धातु य किसी नुकीली सामग्री से युक्त धागा, के भंडारण, बिक्री, उत्पादन, खरीद और इस्तेमाल पर सख्त पाबंदी रहेगी।

---

दो दर्जन से अधिक लोग घायल, प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

# बड़वासनी में बंदरों का आतंक, दहशत में ग्रामीण

- शुक्रवार को एक महिला को बंदरों ने काट लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बड़वासनी गांव में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि अब तक दो दर्जन से अधिक ग्रामीण बंदरों के हमलों में घायल हो चुके हैं। ताजा घटनाक्रम में शुक्रवार को एक महिला को बंदरों ने काट लिया, जबकि महारानीवासी निवासी धर्मपाल का कान काट लिया गया। गांव में भय का माहौल है और लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया से गुहार लगाई। जिला पार्षद ने बीडीपीओ सोनीपत अंकुर से बात कर दो दिन के भीतर ठोस कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव में कई बंदर खूंखार हो चुके हैं और लगातार लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है।






सोनीपत। बंदरों के हमले में घायल अपनी चोट दिखाते हुए।

### ग्रामीण परेशान, बंदरों से खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के आतंक के कारण बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। कई बुजुर्गों को भी काटा जा चुका है, जिसके चलते वे घरों में कैद होकर रहने को मजबूर हैं। लोग अपने घरों की छतों और दरवाजों को बंद रखकर पहरा दे रहे हैं, फिर भी खतरा टला नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने चेतावनी दी कि यदि शनिवार तक बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू नहीं हुई तो सोमवार को ग्रामीण जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।

लाइफ Style

# यामी
## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।



## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट'फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



# मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



# शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



# भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...

**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।



## क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिस्परर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकेयन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पत्नी से परेशान युवक ने फंदा लगाकर जान दी

**गोहाना।** गांव गामड़ी में पत्नी के झगड़े से परेशान युवक ने घर पर फंदा लगाकर जान दे दी। तीन-चार दिन पहले साली व सास ने भी उससे झगड़ा किया था। मृतक के भाई का आरोप है कि घटना के समय कमरे का दरवाजा खुला था और उसके भाई को बचाने की कोशिश तक नहीं की। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव गामड़ी के परमजीत ने पुलिस को बताया कि उसके भाई अमरजीत (28) की लगभग ढाई वर्ष पहले डोली के साथ शादी हुई थी। डोली उसके भाई से बेवजह झगड़ा करके उसे परेशान करती थी।

### महिला विवि देगा कटिंग टेलरिंग का प्रशिक्षण

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के फैशन टेक्नोलाजी विभाग द्वारा महिलाओं को कटिंग-टेलरिंग का फ्री प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से एंटरप्रेन्योरशिप कम स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। कुलपति प्रो. सुदेश के अनुसार प्रशिक्षण छह सप्ताह की अवधि का होगा। प्रतिभागियों को एडवांस कटिंग तकनीक, सिलाई कौशल, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और स्वरोजगार एवं उद्यमिता से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

### लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

**गोहाना।** शुक्रवार को ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कैबिनेट मंत्री डा.. अरविंद शर्मा के कार्यालय पर पहुंचकर पीए सुनील शर्मा को मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ गोहाना के अध्यक्ष सुरेश यादव एवं सीटू की वरिष्ठ नेता अनीता ने संयुक्त रूप से किया। अनीता ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए और बकाया एरियर छह फीसद ब्याज सहित दिया जाए।

### कर्नल होशियार सिंह पर बनी फिल्म बॉर्डर-2 देखी

**खरखौदा।** दहिया युवा सर्वजातीय सर्वधर्म सामाजिक पंचायत के बैनर परमवीर चक्र विजेता कर्नल होशियार सिंह दहिया पर बनी फ़िल्म बॉर्डर 2 देखने के लिए खरखौदा व आसपास के गाँव से तीन सौ से अधिक महिलाएं,बच्चे पुरुष ,युवा, बुजुर्ग, भूतपूर्व सैनिकों ने सोनीपत जाकर फिल्म देखी। फिल्म देखने के लिए सभी लोगों में इतना जोश और उत्सुकता थी कि उन्होंने कर्नल होशियार सिंह की वीरता और गौरव को फिल्म के माध्यम से देखा।

### 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही सरकार

**गोहाना।** शुक्रवार को जिला गोहाना भाजपा किसान मोर्चा की बैठक शहर में सोनीपत मार्ग स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। मुख्यातिथि एवं प्रभारी शिवचरण भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स रहे। अध्यक्षता जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप बड़वासनी ने की। शिवचरण भारद्वाज ने कहा कि केंद्र की सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हर वर्ष 12 हजार खातों में जमा करवा रही है। सुनील वत्स ने कहा कि प्रदेश की सरकार 24 फसलें एमएसपी पर खरीद पर एतिहासिक कार्य कर रही है।

### स्वयंसेवकों ने आपदा से निपटने का प्रशिक्षण लिया

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय बड़ौता की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई से जुड़े 12 स्वयंसेवकों ने आपदा से निपटने का प्रशिक्षण लिया। केंद्र सरकार की युवा आपदा मित्र स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिया। एक सप्ताह का रेजिडेंशियल प्रशिक्षण 30 जनवरी से पांच फरवरी मोहाना स्थित बीआइटीएस परिसर में किया । प्राचार्य डा. अनिल ने स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आपदा जैसी परिस्थितियों में राष्ट्रहित में सेवा के लिए सक्षम बनाते हैं।

## नगर निगम ने रेलवे रोड पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# अवैध रूप से लगने वाली रेहड़ी व दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त

**हटवाए अवैध कब्जे, निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मौजूद रहा पुलिस बल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम की ओर से शुक्रवार को शहर के रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने सड़क किनारे अवैध रूप से लगने वाली रेहड़ियों व दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवाया। हालांकि नगर निगम की ओर से कार्रवाई के लिए एक दिन पहले दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों को अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई थी। शुक्रवार को न मानने वाले रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त कर लिया गया। निगम कर्मचारियों को देख कई दुकानदार अपने सामान को अंदर करते नजर आए तो वहीं कई रेहड़ी संचालकों ने दिनभर अपनी रेहड़ी नहीं लगवाई। जिन रेहड़ी संचालकों ने निगम की हिदायत की अवहेलना की, उनका सामान जब्त कर लिया गया। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। निगम की इस कार्रवाई का रेहड़ी संचालकों व दुकानदारों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस बल के चलते उनकी एक न चल सकी।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि रेलवे रोड पर एक दिन पहले दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों को मौखिक रूप से चेताया गया था कि वह अतिक्रमण को बढ़ावा न दें, लेकिन सुनवाई न करने वालों पर कार्रवाई कर उनका सामान जब्त किया गया। शहर को व्यवस्थित व सुरक्षित माहौल बनाने के लिए निगम की ओर से आगे भी अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


सोनीपत। रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान रेहड़ियों का सामान उठाकर निगम कार्यालय के स्टोर में ले जाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**नगर निगम कर्मचारियों को देख कई दुकानदार सामान को अंदर करते नजर आए तो वहीं कई संचालकों ने दिनभर अपनी रेहड़ी नहीं लगवाई**

**अभियान जारी रहेगा**

शहर में कई जगह अवैध रूप से रेहड़ियां खड़ी करने, जाम की स्थिति बनने, दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहने को लेकर कई बार शिकायतें मिल चुकी है। इसी को लेकर नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा।
- आनंद किशोर, बिल्डिंग इंस्पेक्टर, नगर निगम, सोनीपत।

## पटवारियों ने दो दिन के लिए टाला अनिश्चितकालीन धरना


खरखौदा। वार्ता के उपरांत खरखौदा से लौटते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

- हड़ताल पर होने के चलते कामकाज ठप रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

उपमंडल कार्यालय प्रांगण में धरना दे रहे पटवारियों ने डीसी के साथ बैठक करने के बाद दो दिन के लिए धरना स्थगित कर दिया। इस दौरान पटवारियों को सीटीएम डा. अनमोल व डीआरओ सुशील शर्मा व पूर्व ब्लाक समिति अध्यक्ष राजबीर झरोठ समझाने के लिए पहुंचे थे। देर शाम को पटवारियों ने फैसला लेते दो दिन के लिए धरना स्थगित कर दिया है। वहीं अपनी राज्य स्तरीय काल को अगले सप्ताह के लिए टाल दिया गया है। दूसरी तरफ अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के भी हड़ताल पर होने के चलते शुक्रवार को भी कामकाज ठप रहा। नायब तहसीलदार व एसडीएम पर अभद्रता करने के आरोपों के साथ ही नोटिस जारी होने के खिलाफ पटवारियों की तरफ से दो दिन से हड़ताल की जा रही है, जिसे लेकर डीसी सुशील सारवान खरखौदा पहुंचे, जहां पर पटवारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मिलकर बात की। इस दौरान सीटीएम डॉ अनमोल व डीआरओ सुशील शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल वापस धरने पर लौटा और चर्चा के बाद धरने को पहले तो जारी रखने की बात कही, लेकिन इसके बाद डीआरओ व तहसीलदार से हुई बातचीत व धरने पर आए राजबीर दहिया से चर्चा के बाद दो दिन तक धरने के स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

**जताई नाराजगी**

धरना दे रहे पटवारियों से शुक्रवार कोई कई दौर की बातचीत हुई। इस दौरान एक बार तहसीलदार बिजेंद्र नांदल के भी घटनाक्रम के दौरान मौजूद होते हुए पटवारी का पक्ष न लेने की नाराजगी धरने पर जताई गई। कहा कि इस माहौल में उनसे काम नहीं हो पाएगा। जिस पर उन्होंने कहा कि जब पटवारी ही मौके पर अपनी गलती मांग रहा था, तो वह बीच में क्या करते। ऐसे में एक बार तो तहसीलदार पर ही एक पक्ष की तरफ होने के आरोप भी लगे।

## आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी

- ऋषिकुल विद्यापीठ में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सुरक्षा और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए हरियाणा स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स द्वारा एक विशेष आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने और दूसरों की सहायता करने के तरीकों से अवगत कराना था। इस अवसर पर एसडीआरएफ टीम के सब-इंस्पेक्टर नरेश कुमार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार, हेड कांस्टेबल कश्मीरी लाल, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर बलकेश, हेड कांस्टेबल चंद्रभान तथा असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर जगबीर सिंह उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित अधिकारियों एवं टीम सदस्यों ने विद्यार्थियों को भूकंप, आग, बाढ़ अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उनमें जिम्मेदारी, साहस व आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं।


सोनीपत। जानकारी देते प्रशिक्षक।

### फर्जी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी बना हड़पे लाखों

**सोनीपत।** फर्जी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर गाढ़ी कमाई हड़पने का एक और गंभीर मामला सामने आया है। करीब एक दशक पहले आरडी और एफडी योजनाओं के तहत जमा कराई गई राशि, परिपक्वता अवधि पूरी होने के बाद भी वापस नहीं मिली। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सेवली निवासी पिंकी ने आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में अलग-अलग समय पर आरडी और एफडी योजनाओं के तहत धनराशि जमा कराई थी। सोसाइटी का कार्यालय उस समय गांधी चौक, सेक्टर-14 सोनीपत में संचालित था। पिंकी ने वर्ष 2015 से 2019 के बीच कुल 4.19 लाख रुपये सोसाइटी में निवेश किए थे। पीड़िता के अनुसार विभिन्न योजनाओं की परिपक्वता अवधि पूरी होने पर उसे कुल 7.81 लाख रुपये मिलने थे, लेकिन सोसाइटी के संचालकों ने बार-बार टालमटोल करते रहे।

## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल, तनाव होगा दूर

- जिलेभर के स्कूलों में छठी से 12वीं तक के छात्रों ने लाइव प्रसारण देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों से चर्चा करते हुए वार्षिक परीक्षाओं के तनाव को दूर किया। सोनीपत के विभिन्न स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को कक्षा छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को लाइव दिखाया गया। इसके लिए पहले ही सभी स्कूलों में तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आगामी परीक्षाओं के मद्देनजर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने व परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने के उद्देश्य से छात्राओं को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का संजीव प्रसारण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन बाला शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं के साथ बैठकर कार्यक्रम देखा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास व सकारात्मक सोच से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना।


सोनीपत। मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री रा कन्या स्कूल में प्रसारण देखती छात्राएं।

### वार्षिक खेल उत्सव में विजेता किए सम्मानित

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान करने वाले विजेता को रजत पदक, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को कांस्य पदक प्रदान किए गए। उक्त प्रतियोगिता अंतर सदन स्तर पर हुई। पुरस्कार वितरण में मुख्य रूप से दौड़-100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी के विजेताओं को शामिल किया । खेल प्रशिक्षक पूनम, अमन खत्री, तरुण और स्वीटी के सक्रिय योगदान से समारोह संपन्न हुआ। प्राचार्या उषा और प्राथमिक प्रभारी रितु ने विजेताओं को बधाई दी।

## आग से बचाव का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते आग से बचाव का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आग लगने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में घबराए बिना सुरक्षित ढंग से बाहर निकलने, स्वयं की रक्षा करने तथा अन्य लोगों की सहायता करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के उपाय, सुरक्षित निकासी के रास्ते, प्राथमिक सावधानियां तथा आपात स्थिति में संयम बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। फायर फाइटिंग ड्रिल का नेतृत्व फायर ऑफिसर व स्कूल डायरेक्टर दीपेंद्र दहिया द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में एनसीसी ऑफिसर संजय कुमार ने असिस्टेंट ऑफिसर के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई और पूरे अभ्यास को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। ड्रिल के दौरान विद्यालय की सभी कक्षाओं में तैनात शिक्षकों ने पूरी सजगता, धैर्य और जिम्मेदारी के साथ बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फर्स्ट फ्लोर से विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य मोहित द्वारा किया गया।


खरखौदा। फायर फाइटिंग ड्रिल का अभ्यास करते विद्यार्थी।

### फेंसिंग स्पर्धा में प्रताप स्कूल ने जीते दो पदक

**खरखौदा।** मणिपुर में आयोजित 69वीं स्कूल नेशनल गेम्स (अंडर-19) की फेंसिंग प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 2 पदक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश, सोनीपत जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। तरुण ने स्वर्ण पदक तथा अंश पटेल ने कांस्य पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्य दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व फेंसिंग कोच लोकेश राणा ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और आशीर्वाद प्रदान किया। प्राचार्या दया दहिया ने कहा कि प्रताप स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। डॉ सुबोध दहिया ने कहा कि विद्यालय के खिलाड़ियों ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 254 पदक तथा राष्ट्रीय स्तर पर 2086 पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है।


सोनीपत। विजेता विद्यार्थी के साथ प्राचार्या एवं कॉलेज स्टाफ।

### अंतर कॉलेज जूडो प्रतियोगिता में तमन्ना ने जीता गोल्ड

**सोनीपत ।** राज्य स्तरीय अन्तर कॉलेज जूडो प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा ने गोल्ड मेल्ड प्राप्त के कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज पहुंचने और प्राचार्य गीता ने छात्रा का स्वागत कर मिठाई खिलाई। शारीरिक विभाग की अध्यापिका सुमन मान ने बताया कि प्रतियोगिता राजकीय स्नातकोत्तर महिला कालेज रोहतक में 4 से 5 फ़रवरी तक हुई, जिसमे बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा तमन्ना ने 78 किलों वर्ग भार ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया और 5000 रुपये इनाम प्राप्त किया। तमन्ना स्टेट, नेशनल, और इंटरनेशनल लेवल की खिलाड़ी है। छात्रा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी खेलने ईरान जाएगी। जीत का श्रेय जूडो के कोच सतपाल दहिया को दिया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का, सविता कुहाड़ ने भी छात्राओं को बधाई दी। टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी छात्राओं को आशीर्वाद देते भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की कामना की।


सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान के दौरान उपस्थित छात्राएं।

### 5-स्टेप प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रोसेस पर व्याख्यान

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज के कंप्यूटर साइंस विभाग के संयोजन में 5-स्टेप प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रोसेस विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन पर बधाई दी। बीसीए तथा बीएससी कंप्यूटर साइंस की छात्राओं की एनालिटिकल और लॉजिकल थिंकिंग स्किल्स को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 5-स्टेप प्रॉब्लम सॉल्विंग प्रोसेस विषय के तहत गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डेल के मेंटर मनोज वेणुनाथन ने रियल वर्ल्ड प्रोफेशनल माहौल में इस्तेमाल होने वाले स्ट्रक्चर्ड प्रॉब्लम सॉल्विंग तरीकों के बारे में जानकारी दी। सत्र में पांच-स्टेप फ्रेमवर्क पर फोकस किया गया कि समस्या को विशेष तौर पर डिफाइन करना, जरूरी तथ्यों को रिव्यू करना, संभावित जोखिमों को समझना, जरूरी रिसोर्स एकत्रित करना और विचार किया गया कि सॉल्यूशन दूसरों पर कैसे असर डालेगा।

## स्वास्थ्य विभाग 11 फरवरी तक मनाएगा विशेष शल्य चिकित्सा सप्ताह

# नागरिक अस्पताल : दो दिन में की 38 मरीजों की सर्जरी

**स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सकों को सर्जरी के निर्धारित लक्ष्य सौंपे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला के नागरिक अस्पताल में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य के तहत विशेष शल्य चिकित्सा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत दो दिन में चिकित्सकों की ओर से मरीजों की 38 सर्जरी की गई हैं। इनमें सप्ताह के पहले दिन वीरवार को 13, जबकि दूसरे दिन शुक्रवार को 25 सर्जरी की गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि विशेष शल्य चिकित्सा सप्ताह 11 फरवरी तक मनाया जाएगा। उप सिविल सर्जन डॉ. अनीता ने बताया कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी चिकित्सकों को सर्जरी के निर्धारित लक्ष्य भी सौंपे गए। अभियान के अंतर्गत नागरिक अस्पताल में कूल्हा प्रत्यारोपण, घुटना प्रत्यारोपण, सी-सेक्शन, मोतियाबिंद ऑपरेशन, हर्निया सहित अन्य प्रमुख सर्जरी की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को विशेष चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग उच्च गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें। सप्ताह के अंतर्गत योजना के आरक्षित पैकेजों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार सभी सर्जरी की जा रही है। जिला नागरिक अस्पताल में तीन सर्जन डॉ. शशिकांत, डॉ. सन्नी व डॉ. मनीत कोरपाल शामिल हैं। तीन नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विकास चहल, डॉ. लतिका खत्री, डॉ. सुशील मानिकटालिया कार्यरत हैं। हड्डी विशेषज्ञ डॉ. विपिन दलाल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप लाकड़ा सर्जरी में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं गन्नौर स्थित उपमंडल नागरिक अस्पताल एक सर्जन डॉ. संजय कौशिक फिलहाल एक सप्ताह के लिए पंचकूला प्रशिक्षण के लिए गए हैं, जिसके चलते वहां सर्जरी नहीं हो रही है।



## खबर संक्षेप




### बाल विवाह व साइबर फ्रॉड पर लगाया शिविर

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के मार्गदर्शन में हसनपुर और हुल्लाहेड़ी गांवों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में नालसा मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों हेतु योजना 2015, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और साइबर फ्रॉड से जुड़ी जानकारी दी गई। हसनपुर में अधिवक्ता सिद्धार्थ पहल और हुल्लाहेड़ी में अधिवक्ता प्रतीक ने ग्रामीणों को संबोधित किया। एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था की भी सक्रिय सहभागिता रही।

### पदम रांगी बने युवा जेजेपी सोनीपत के जिला प्रभारी

**सोनीपत।** हल्का गोहाना के हुल्लाहेड़ी गांव निवासी आईटी सेल के पूर्व जिलाध्यक्ष पदम रांगी को युवा जेजेपी का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। रांगी ने अपनी नियुक्ति पर पदम रांगी ने पार्टी सुप्रीमो डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय सिंह चौटाला, डॉ. केसी बांगड़, राज सिंह दहिया, सुमित राणा, रजनी मलिक, दीपक मलिक, अमित आंतिल व अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।



### कार-बाइक की टक्कर में युवक घायल

**खरखौदा।** सलीम सर माजरा मार्ग पर कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। अली शेर सलीम सर माजरा ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का काम करता है । हर रोज अपनी बाइक पर रिढ़ाऊ से सलीमसर माजरा गांव जा रहा था कि अचानक डेकयो कंपनी के पास तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह काफी दूर जाकर गिरा और काफी चोटे लग गई। राहगीरों की मदद से घायल युवक को रोहतक पीजीआई पहुंचाया गया। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## लैब, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स से लेकर डिजिटल सुविधाओं तक पर होगा निवेश

# पीएमश्री स्कूलों की बदलेगी तस्वीर

# 19.36 करोड़ से होगा कायाकल्प

### जिला में 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों का किया जा रहा है संचालन

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

समग्र शिक्षा विभाग ने नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले जिले में संचालित 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों को चमकाने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग की ओर से इन विद्यालयों में कराई जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कुल 19 करोड़, 36 लाख, 77 हजार रुपये का बजट तैयार किया है। विभाग ने समग्र शिक्षा के तहत विद्यालयों में विभिन्न कार्य करवाने के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय को तैयार बजट भेजकर मंजूरी की मांग की है, ताकि उक्त राशि मिलने पर इन विद्यालयों में निजी स्कूलों की तर्ज पर चार चांद लगाए जा सकें। विभाग की ओर से जिला में 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा विभाग ने जिला के इन राजकीय विद्यालयों की सूरत बदलने व कायाकल्प करवाने का निर्णय लिया है, ताकि विद्यालयों में विद्यार्थियों को निजी स्कूलों की तर्ज पर स्वच्छ वातावरण के साथ तमाम सुविधाएं मुहैया करवाया जा सके। साथ ही नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को शिष्टाचार व नैतिकता का संदेश दिया जा सके। पीएमश्री विद्यालयों में की जाने वाली व्यवस्थाओं में डिमांड अनुसार लैब, कमरों के निर्माण, हर्बल गार्डन, शौचालयों की मरम्मत आदि शामिल है।



**सोनीपत।** सोनीपत के मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में कक्षा में पढ़ाई करती छात्राएं।

#### सुविधाओं को करवाया जाएगा दुरुस्त

शिक्षा विभाग की ओर से जिला में संचालित सभी 11 राजकीय विद्यालयों में सुविधाएं दुरुस्त करवाने सहित विभिन्न योजनाओं को लेकर बजट तैयार किया गया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय को पत्र भेजकर बजट को मंजूरी देने की मांग की गई है। बजट राशि को मंजूरी मिलते ही सभी पीएमश्री विद्यालयों में सुविधाओं को दुरुस्त करवाने के साथ संबंधी व्यवस्थाएं पूरी करवाई जाएंगी।

*-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

#### इस प्रकार तैयार किया गया बजट

- एलईडी लाइटिंग, सब्जी व औषधीय गार्डन, स्वच्छता पखवाड़ा कलरफुल डस्टबीन जैसे कार्यों के लिए 12.32 लाख रुपये।
- डिजिटल सॉफ्टवेयर व हाईवेयर और कंप्यूटर संबंधी सामान के लिए 13.20 लाख व 33.20 लाख रुपये के दो अलग-अलग बजट तैयार किए गए हैं।
- सभी पीएमश्री विद्यालयों में एक साल के लिए एनुअल स्कूल ग्रांट के लिए 12.25 लाख रुपये।
- सभी पीएमश्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की निशुल्क वर्दी के लिए 16.32 लाख रुपये।
- सभी पीएमश्री विद्यालयों में विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य सामग्री के लिए 16.11 लाख रुपये।
- विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए तय प्रावधानों के अनुरूप 12 लाख रुपये।
- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान, गणित लर्निंग आदि व्यवस्थाओं के लिए 2.47 करोड़ रुपये।
- इंडक्शन ट्रेनिंग, स्किल कॉम्पेशटेशन, विभिन्न कोर्स, रॉ मेटिरियल, अध्यापकों व विद्यालयों के विभिन्न प्रशिक्षण के लिए 2.14 करोड़ रुपये।
- सभी विद्यालयों में पुस्तकालयों के लिए 4.40 लाख रुपये।
- खेल व शारीरिक शिक्षा के लिए 15.50 लाख रुपये।
- डिजिटल लाइब्रेरी, अटल लैब, रोबोटिक लैब ट्रेनिंग, सोलर पैनल व लाइटिंग, स्टाफ कक्ष, ओपन जिम, ओलंपियाड जैसी विभिन्न योजनाओं के लिए 1.64 करोड़ रुपये।

#### विद्यालयों में इन व्यवस्थाओं को किया जाएगा पूरा

विभाग की ओर से तैयार किए गए बजट के अनुसार 6 पीएमश्री विद्यालयों में 74.46 लाख रुपये की लागत से कॉमन छात्राओं के कमरे तैयार करवाए जाएंगे। एक विद्यालय में 10.80 लाख से कंप्यूटर कक्ष, दो विद्यालयों में 24.82 लाख रुपये से फिजिक्स लैब, एक विद्यालय में 13.87 लाख से कैमिस्ट्री लैब, एक विद्यालय में 12.41 लाख रुपये से बॉयोलोजी लैब का निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा 15 जगह 1.62 करोड़ रुपये से एडिशनल क्लास रूम का निर्माण होगा। सभी विद्यालयों में 61.44 लाख से छात्रों के लिए 24 और 61 लाख रुपये से छात्राओं के लिए 20 शौचालयों का निर्माण करवाया जाएगा। एक विद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट रूम भी तैयार होगा। साथ ही सभी 11 पीएमश्री विद्यालयों में 16.50-16.50 लाख रुपये की लागत से बायोलॉजी, कैमिस्ट्री, फिजिक्स व साइंस लैब करवाने का निर्णय लिया गया है। इन सभी कार्यों पर 5 करोड़ 22 लाख 70 हजार रुपये का बजट तैयार किया गया है।



### संपर्क टीवी कार्यक्रम को लेकर चर्चा

**सोनीपत।** जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से संचालित संपर्क टीवी कार्यक्रम को लेकर रिटायर्ड आईएएस डॉ. के राजेश्वर राव ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में उपायुक्त सुशील सारवान व शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर गहन चर्चा की गई। डॉ. राव ने कहा कि संपर्क फाउंडेशन द्वारा विकसित संपर्क टीवी एक अभिनव शिक्षण समाधान है, जो सामान्य टीवी को स्मार्ट और इंटरैक्टिव क्लासरूम में परिवर्तित कर देता है। यह तकनीक बिना इंटरनेट कनेक्शन के भी कार्य करती है, जिससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है। इस दौरान उपायुक्त सुशील सारवान, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, संपर्क फाउंडेशन के स्टेट हैड दुर्गा प्रसाद सहित शिक्षा विभाग से बीईओ व अन्य स्कूल हैड मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को एआई के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- हिंदू कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग में आत्मनिर्भर भारत थीम पर एआई आधारित आईआईसी गतिविधियों का आयोजन

हिंदू कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, सोनीपत के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) सेल द्वारा आत्मनिर्भर भारत थीम के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय पर एमआईसी संचालित आईआईसी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, एआई क्विज़ एवं एआई शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आशु बंसल, विभागाध्यक्ष (सीएसई) रहे। उन्होंने विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में नैतिक, सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अकादमिक इकोसिस्टम में एआई की भूमिका को स्पष्ट किया। इस मौके पर आयोजित क्विज़ प्रतियोगिता में सक्षम ने प्रथम, नितिन हंस ने द्वितीय तथा प्रेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. पुनीत पाहुजा, राकेश वर्मा, पुनीत शर्मा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

### केएमपी एक्सप्रेसवे पर टकराई कई गाड़ियां

- पाई गांव के पास कोहरा अधिक होने के कारण हुआ हादसा

**खरखौदा।** कुंडली- पलवल -मानेसर एक्सप्रेसवे पर पाई गांव के पास कोहरा अधिक होने के कारण कई गाड़ी आपस में टकरा गई। जिससे कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में सोमप्रकाश गांव नांगल खुर्द ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में काम करता है। हर रोज की भांति सुबह करीब आठ बजे अपनी गाड़ी लेकर मानेसर के लिए निकला था। एक्सप्रेसवे पर पाई गांव के पास कई गाड़ी आपस में टकराई हुई थी। वह अपनी गाड़ी को थोड़ी पीछे खड़ी करके दूसरी टकराई हुई गाड़ियों के घायलों को निकलवाने के लिए मदद करने के लिए अपनी गाड़ी से उतर ही था कि पीछे से अचानक तेज रफ्तार से आ रही एक गाड़ी ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी जिससे गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है। अज्ञात गाड़ी चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

# तहसीलदारों की हड़ताल से रजिस्ट्रियां रुकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले की सभी तहसीलों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी तालाबंदी जैसे हालात बने रहे। राजस्व विभाग के तीन अधिकारियों पर की गई दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में तहसीलदार और नायब तहसीलदार सामूहिक हड़ताल पर डटे रहे। अधिकारियों की गैरमौजूदगी के कारण जमीन की खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री, इंतकाल और अन्य राजस्व संबंधी कार्य पूरी तरह ठप हो गए।

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर पड़ा। दूर-दराज के गांवों से लोग रजिस्ट्रियों और अन्य जरूरी कामों के लिए तहसीलों में पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के न होने से उन्हें बिना काम के लौटना पड़ा। रोजाना औसतन 200 से अधिक टोकन रजिस्ट्रियों के लिए जारी किए जाते हैं, लेकिन हड़ताल के चलते दो दिन में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि जिलेभर में अब तक 200 से अधिक रजिस्ट्रियां अटक चुकी हैं। हड़ताल का असर सरकारी राजस्व पर भी साफ नजर आने लगा है। दो दिन से कामकाज ठप होने के कारण सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है। इसके साथ ही तहसील परिसरों में काम करने वाले डीड राइटर, स्टांप वेंडर, फोटोकॉपी संचालक और अन्य कर्मचारी भी बेरोजगार बैठे हैं।



**सोनीपत।** सुनसान पड़ा तहसील कार्यालय।

#### बिना जांच के कार्रवाई

हड़ताल पर बैठे तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों का कहना है कि उनके साथियों पर की गई कार्रवाई एकतरफा है और बिना पूरी जांच के की गई है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक कार्रवाई वापस नहीं ली जाती और उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक कलम छोड़ आंदोलन जारी रहेगा। वहीं आम लोगों को उम्मीद है कि जल्द समाधान निकलकर कामकाज सामान्य होगा।

#### जारी रहेगी हड़ताल

तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिसके कारण तहसीलों में कामकाज प्रभावित हुआ है। जब तक हड़ताल जारी रहेगी, जमीन से जुड़े कार्य बाधित रहेंगे।

*-सुशील कुमार, जिला राजस्व अधिकारी, सोनीपत*

## न्यूज डायरी

### शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ 10 से : मदान

**गन्नौर।** शिव रात्रि पर शिव जोतराम मन्दिर व शिव जन कल्याण समिति द्वारा शिव महापुराण कथा व विशाल भंडारे का आयोजन 10 फरवरी से 16 फरवरी तक लहरी सिंह पार्क में किया जाएगा। कथा के संयोजक रवि मदान ने बताया कि कथा वाचक श्रीधाम वृद्धावन से सुधीर जी महाराज होंगे। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को कलश यात्रा व शिव पुराण महिमा, 11 फरवरी को शिवलिंग अवतार कथा, 13 को शिव सती चरित्र, 14 को शिव पार्वती मंगल विवाह, 15 फरवरी को द्वादश ज्योतिलिंग की कथा, 16 को रूद्रमहायज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। दीपक मदान, शमशेर सिंह, सन्नी पांचाल, लक्की मदान ने बताया कि समारोह के मुख्यातिथि विधायक देवेन्द्र कादियान व नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी होंगे। विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी हरीश वधवा, अंकित मल्होत्रा, सुरेन्द्र जग्गा होंगे। अतिथिगण हरीश मदान, राजेश शर्मा पार्षद,नंद छाबड़ा,हरिओम कौशिक, विद्याभूषण हसीजा, जोगेन्द्र शर्मा, अमित बत्रा, एडवोकेट जितेन्द्र ढांगी आदि गणमान्य लोग होंगे। संयोजक रवि मदान ने बताया कि मंच संचालन राजीव राय करेंगे। कार्यक्रम में भव्य कलश यात्रा में मनमोहक झांकिया आकर्षक का केन्द्र होगी। कलश यात्रा आयोजन स्थल से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापिस आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है।





### आईटीआई खरखौदा में योग कार्यक्रम शुरू

**सोनीपत।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सभी शिक्षण संस्थानों में सूर्य नमस्कार अभियान-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी 2026 से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती 12 फरवरी 2026 तक चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में 6 फरवरी 2026 को आईटीआई शाखा खरखौदा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संदीप अहलावत ने की। इस अवसर पर डॉ सतीश भोला एएमओ, योग सहायक मोहित, अजय सुमन और पुष्पा ने विद्यार्थियों को योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम आज से शुरू होकर तीन दिन तक चलेगा। इसमें आईटीआई के लगभग 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



### नपा कार्यालय में 1200 लोगों के जांचे दस्तावेज

**गन्नौर।** लाडो लक्ष्मी योजना और विधवा पेंशन योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के लिए नगरपालिका कार्यालय परिसर में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोनों योजनाओं के अंतर्गत शहर के चिन्हित करीब 1200 लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार वार्ड स्तर पर गठित समितियों द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया है। उसी डाटा के अनुसार नगरपालिका स्तर पर दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न मिले। शिविर के दौरान लाभार्थियों के आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण और निवास प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। जिन लाभार्थियों के कागजात अधूरे पाए गए, उन्हें दस्तावेज पूरे करने के निर्देश दिए गए। जांच पूरी होने के बाद सत्यापित डाटा उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा, जिसके बाद लाभ प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शिविर में नगरपालिका कर्मचारी और वार्ड समिति सदस्य मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट अंजलि गहलावत बनी ऑफिसर

**सोनीपत।** गांव फरमाना की रहने वाली हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की पूर्व एनसीसी कैडेट एवं अंडर ऑफिसर अंजलि गहलावत का चयन रिलायंस सिक्योरिटी फोर्स में ऑफिसर पद पर हुआ है। इस उपलब्धि के पीछे उनके एनसीसी प्रशिक्षण, राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों और विशेष कैंपों में भागीदारी की अहम भूमिका रही। अंजलि ने बताया कि पैरा जंपिंग कैंप में सहभागिता ने उनके आत्मविश्वास, साहस और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा दी, जो चयन प्रक्रिया में निर्णायक साबित हुई। इसके साथ ही वे राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खिलाड़ी भी रही हैं, जिसने उनके प्रोफाइल को और अधिक सशक्त बनाया। रिलायंस सिक्योरिटी फोर्स में चयन के उपरांत अंजलि को देश-विदेश में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त हुआ और आज वे एक प्रतिष्ठित कंपनी में उच्च प्रोफ़ाइल पद पर कार्यरत हैं, जहां उन्हें न केवल सम्मानजनक पद बल्कि आकर्षक वेतन भी प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन नीतू नसीयर दूहन ने कहा एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता सिखाता है। अंजलि गहलावत की सफलता इस बात का प्रमाण है कि एनसीसी का प्रशिक्षण कैडेट्स को सशस्त्र बलों के साथ-साथ कॉर्पोरेट सेक्टर में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने अंजलि की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**निर्माण** 35 लाख की लागत से होंगी मैटिंग व अन्य सुविधाएं विकसित

# चार माह में तैयार होगा बैडमिंटन हाल, शेष कार्यों के लिए टेंडर अलाट, एजेंसी ने काम किया शुरू

### वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्माण की घोषणा की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत शहर में वर्षों से अधूरे पड़े बैडमिंटन हाल का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। नगरपालिका ने शेष बचे निर्माण कार्यों के लिए नई एजेंसी को टेंडर अलाट कर दिया है। योजना के अनुसार आगामी चार माह में बैडमिंटन हाल को पूरी तरह तैयार कर उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा। लंबे समय से इस परियोजना के पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे खिलाड़ियों में अब उत्साह है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गन्नौर में बैडमिंटन हाल निर्माण की घोषणा की थी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 93 लाख रुपये तय की गई थी। शुरुआती वर्षों में निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन विभिन्न कारणों से यह समय पर पूरा नहीं हो सका। करीब 73 लाख रुपये खर्च होने के बावजूद भवन का केवल लगभग 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया।



**गन्नौर।** बैडमिंटन हाल के बाहर एजेंसी द्वारा करवाया जा रहा मिट्टी का भराव।

#### समयसीमा की निर्धारित

बाद में संबंधित ठेकेदार द्वारा काम बीच में छोड़ दिए जाने से निर्माण पूरी तरह ठप हो गया। बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद जब कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ तो नगरपालिका ने पुराना टेंडर रद्द कर नई एजेंसी के माध्यम से कार्य कराने का निर्णय लिया। अब नई एजेंसी को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है और निर्माण कार्य फिर से शुरू हो चुका है। नगरपालिका द्वारा जारी टेंडर के अनुसार 35 लाख रुपये की लागत से स्टेडियम के कोर्ट की मैटिंग का कार्य, बाहर मिट्टी भराव, फर्श पर टाइल लगाने, चारदीवारी निर्माण तथा एक छोटे पार्क का विकास कार्य कराया जाएगा। इन सभी कार्यों के लिए चार माह की समयसीमा निर्धारित की गई है। चार माह में निर्माण पूरा होने के बाद गन्नौर को आधुनिक खेल सुविधाओं से युक्त बैडमिंटन हाल मिलेगा।

#### प्रोजेक्ट को प्राथमिकता पर लिया गया : त्यागी

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि बैडमिंटन हाल शहर के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। उन्होंने कहा यह प्रोजेक्ट वर्षों से लंबित था, लेकिन अब इसे प्राथमिकता पर लिया गया है। शेष कार्यों के लिए टेंडर अलाट कर दिया गया है और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमारा प्रयास है कि निर्धारित समय से पहले बैडमिंटन हाल बनकर तैयार हो और खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल सके।